Introduction of Local Body

Nagar Panchayat Kant

Introduction

- **प्रस्तावना–**

नगर पंचायत कांट उत्तर प्रदेश राज्य के शाहजहॉपुर जिले में स्थित एक महत्वपूर्ण नगर है, यह नगर तहसील सदर क्षेत्रान्तर्गत स्थापित है, इसके अतिरिक्त यह उत्तर प्रदेश विधान सभा 136–ददरौल का एक प्रमुख क्षेत्र भी है। यह निकाय अपने नगर के नागरिकों को यथासम्भव उचित सुविधायें उपलब्ध कराये जाने हेतु सत्त तत्पर है। निकाय द्वारा शासन की मंशानुसार जनहित में यथोचित आवश्यक कार्यवाही तत्काल अमल में लायी जाती है। नगर पंचायत कांट वर्तमान में एक विकासशील निकाय है, जो कि प्रगति की ओर अग्रेतर होने हेतु प्रयासरत है।

- **संक्षिप्त इतिहास–**

नगर पंचायत कांट एक ऐतिहासिक नगर है, इस निकाय में 02 प्राचीन मन्दिर (माँ शीतला देवी मन्दिर एवं शिव मन्दिर) स्थापित है तथा यहॉ का **रामताल एवं रामलीला मैदान** एक प्रसिद्ध स्थान है। नगर पंचायत कांट स्वतंत्रता सेनानियों की नगरी भी रही है, पं० द्वारिका प्रसाद शर्मा एवं रहीमउल्ला नगर पंचायत कांट के निवासी थे, जिन्होने में आजादी में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

Introduction

- निकाय की वर्तमान भौगोलिक स्थिति–

नगर पंचायत कांट **दिनांक 15 अक्टूबर, 1972** से स्थापित है। यह एक चतुर्थ श्रेणी का निकाय है। यह जिला मुख्यालय एवं नगर निगम से 10 कि० मी० दूरी पर सबसे निकटतम निकाय है। इस निकाय की सीमा से स्टेट हाइवे **(S.H.-29)** निकलता है, जो कि गंगे एक्सप्रेस–वे से जुड़ता है। जो कि यातायात में नागरिकों के हित में सहायक है। इस निकाय की जनसंख्या वर्ष **2011 के अनुसार 27125** थी। जो कि वर्तमान में अनुमानित 35132 हो गयी है। वर्तमान में नगर पंचायत कांट 15 कक्षों में विभाजित हैं। इस निकाय का **क्षेत्रफल 6.75** वर्ग किलो मीटर है।

- शिक्षण क्षेत्र में प्रगति–

नगर की जनता/युवा/शिशुओ के सार्वभौमिक विकास हेतु नगर में विविध शिक्षण संस्थायें अपना पूर्ण योगदान दे रही है वर्तमान में नगर में **05 प्राइमरी व 02 जूनियर विद्यायल, 01 राजकीय इण्टर कालेज, 01 विनोबा भावे इण्टर कालेज एवं 01 राजकीय महाविद्यालय** एवं विविध प्राईवेट शिक्षण संस्थान भी है, जो कि नगर के शिशुओं को शिक्षा के क्षेत्र की ओर उन्मुख करने में दिन प्रतिदिन प्रयासरत है। इस नगर की नव युवा पीढ़ी दिन–प्रतिदिन शिक्षा की ओर उन्मुख है, और अपने विकासशील नगर को विकसित बनाये जाने हेतु प्रयासरत है।

Introduction

- खेल में प्रगति–

नगर पंचायत कांट में वार्ड नं०–02 गढ़ी पश्चिमी में आयुष स्पोर्टर्स एकेडमी स्थापित है। जहां पर नगर के अतिरिक्त दूर–दूर से लोग प्रशिक्षण प्राप्त करने आते हैं। इसके अतिरिक्त नगर में स्थिति रामलीला मैदान में भी समय–समय पर खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाती है।